मैंने अपना नाम विवाह उपरांत पूजा कुमारी महरवाल से बदलकर पूजा गुप्ता पत्नी श्री अनुराग गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी 391/एस-2, जगदंबा रेजिडेंसी गणेश नगर विस्तार, कालवाड रोड झोटवाड़ा, जयपुर-302012

हम पति पत्नी अपना नाम बदलकर क्रमश प्रहलाद से प्रहलाद धोबी पुत्र श्री मदन लाल धोबी एवं श्रीमती प्रेम से अपना नाम प्रेम देवी पत्नी श्री प्रहलाद धोबी निवासी 9, ज्योति विहार प्रथम, मंग्यावास मानसरोवर, जयपुर रख रहे हैं भविष्य में हमें उक्त नये नाम से ही जाना पहचाना जावें।

किसानों के हितों को लेकर सरकार सख्त, लंबित क्लेम पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

जयपुर, (निसं)। प्रदेश में कृषकों के कल्याण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के तहत मंगलवार को पंत कृषि भवन, जयपुर में प्रदेश के विभिन्न किसान संघों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल के साथ संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषक आदान-अनुदान, नवीन बीज विधेयक, पेस्टीसाइड्स मैनेजमेंट बिल सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से संबंधित योजनाओं तथा बजट घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं कृषक आदान-अनुदान योजनाओं के अंतर्गत देय राशि में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने किसान संगठनों द्वारा बीमा कंपनियों के संबंध में की गई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कंपनियों से स्पष्टीकरण मांगने तथा लंबित क्लेम प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों से प्राप्त सुझावों के आधार पर योजनाओं को और अधिक किसान हितैषी बनाया जाएगा। कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बीमा एवं आदान-अनुदान से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए। संवाद के दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

किसानों द्वारा खेतों में जंगली सूअरो एवं निराश्रित पशुओं से होने वाले नुकसान की शिकायत के संबंध में कृषि मंत्री ने बताया कि इस विषय में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही, तारबंदी योजना में आवश्यक संशोधन के लिए भी कार्य प्रस्तावित है। उन्होंने फसलों में हुए नुकसान के सर्वे कार्य को समय पर पूर्ण कर किसानों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिलने से सनसनी फैली

जयपुर(निसं)। कानोता थाना इलाके में रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की लाश लहूलुहान हालत में पड़ी मिली, चेहरा बुरी तरह बिगड़ा हुआ था और दोनों पैर टूटे हुए पाए गए। प्रथम दृष्टया युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना प्रतीत हो रहा है।

सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हेड कॉन्स्टेबल कमल किशोर ने बताया कि कानोता रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर पटरियों के पास युवक का शव पड़ा मिला। पटरियों पर लाश देखे जाने के बाद स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को सूचना दी थी। पुलिस द्वारा मौके पर किए गए मुआयने में प्रथम दृष्टया जांच में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत होने की संभावना जताई गई है।

केरल समाज आज मनाएगा मकर विलक्कू महोत्सव

जयपुर। केरल समाज की ओर से बुधवार को मकर विलक्कू महोत्सव मनाया जाएगा। गोपालपुरा और खातीपुरा स्थित अय्यप्पा मंदिरों में शबरिमला की परंपरा के अनुरूप विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। संक्रांति की संध्या महादीपाराधना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद अय्यप्पा भजना समिति एवं आमंत्रित कलाकारों द्वारा भरतनाट्यम, मोहिनियाट्टम, सेमी क्लासिकल नृत्य, कथक, कैकोट्टिकली तथा तिरूवातिराकली की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भक्तिमय वातावरण में स्वामी शरणम् अय्यप्पा शरणम् के जयघोष के साथ महोत्सव अपने चरम पर पहुंचेगा। इससे पूर्व मंगलवार को मकर विलक्कू महोत्सव की पूर्व संध्या पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। खातीपुरा स्थित अय्यप्पा मंदिर में सुबह पल्लिउणरत के बाद अष्ट द्रव्य महागणपति हवन किया गया। दिन भर भगवान अय्यप्पा का दूध, घी, शहद, नारियल जल एवं अन्य द्रव्यों से अभिषेक हुआ। संध्या काल में पुष्पालंकार, फूलों की रंगोली और चुट्ट विलक्कु के साथ महाआरती की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 1008 दीपों से चुट्टिवलक्कु तथा 108 दीपों की दीपास्थम्भम प्रज्वलित की गई।वहीं गोपालपुरा स्थित अय्यप्पा मंदिर में तीन दिवसीय 41वीं प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं मकर विलक्कू महोत्सव का शुभारंभ पल्लि उणरत से हुआ था। हरिनाम कीर्तन, अष्ट द्रव्य महागणपति हवन, आष्टाभिषेक और भगवान अय्यप्पा के विविध द्रव्यों से अभिषेक किए गए।

गोदम्बाजी का विवाह उत्सव मनाया

जयपुर। लक्ष्मीनारायण पुरी स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में महंत त्रिविक्रमचार्य के सान्निध्य में मंगलवार को गोदम्बाजी का विवाह वैष्णव परंपरा के अनुसार उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

भजनलाल सरकार ने युवाओं को दी भर्ती कलैंडर की ऐतिहासिक सौगातः राजेंद्र राठौड़

जयपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने प्रदेश की भाजपा सरकार को युवा हितैषी बताते हुए कहा कि पहली बार राष्ट्रीय युवा दिवस पर 1 लाख से अधिक सरकारी पदों पर वर्ष 2026 का भर्ती कलैंडर जारी कर युवाओं को ऐतिहासिक सौगात दी है। उन्होंने कहा कि यह 44

- अब प्रदेश के युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के मिल रही है सरकारी नौकरियां : राजेंद्र राठौड़

भर्ती परीक्षाओं का स्पष्ट रोडमैप है, जिससे युवा समय पर अपनी तैयारी कर सकेंगे। यह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पारदर्शी, समयबद्ध और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता का द्योतक है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 5 साल में 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने का वादा किया था।

उसके अनुसरण में पिछले दो साल में 92 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई, 1.53 लाख पदों पर प्रक्रियाधीन है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि वहीं दूसरी ओर प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पूरे 5 साल में 2 लाख 7 हजार 570 सरकारी भर्तियां की थी, जिसमें से 82

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

हजार नौकरियां संविदाकर्मियों की थी, और करीबन 31 हजार नौकरियां आज भी विभिन्न न्यायालयों में अटकी हुई है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले दो साल में 296 परीक्षाओं का सफलतापूर्वक और बिना एक भी पेपरलीक हुए आयोजन किया गया है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की गहलोत सरकार में बेरोजगारी की औसत दर 26 प्रतिशत रही, वहीं भाजपा की भजनलाल सरकार में जुलाई-सितंबर 2025 तक 7.4 हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और राजस्थान रोजगार नीति 2026 लागू करते हुए युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का काम किया है। इससे मार्च 2029 तक करीबन 15 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने भजनलाल सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में राजस्थान पर बेरोजगारी, पेपरलीक और नेटबंदी का जो कलंक लगा हुआ था, उसे भाजपा की भजनलाल सरकार ने मिटाने का ऐतिहासिक काम किया है। राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2023-24 में कांग्रेस के शासनकाल में प्रतिव्यक्ति आय 1.66 लाख रुपए थी, जो अब सरकार के ईमानदार प्रयासों से 2.37 लाख रुपए अनुमानित हो गई। उन्होंने कहा कि यह भजनलाल सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि 2030 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचे। इसके लिए चाहे सरकारी नौकरियां हो, एमएसएमई स्टार्टअप, कौशल विकास, या नवाचार के माध्यम से स्वरोजगार और रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा कि डोटासरा साहब शायद वह दिन भूल गए हैं जब शिक्षकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने खुलेआम रिश्वत लेकर तबादला कराने की बात स्वीकार की थी।

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आदेश 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत न्यायालय अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश क्रम-1 जयपुर जिला जयपुर
महेश बनाम परमानन्द
दावा बाबत order 9 Rule 9 & CPC Restoration
मुकदमा नम्बर 4 सन् NCV No. 7/18
बनाम- 1/4/1 राखी शर्मा पत्नी स्व. योगेश चन्द शर्मा, 1/4/2 मानव शर्मा पुत्र स्व. योगेश चन्द शर्मा,, 1/4/3 उन्नति शर्मा पुत्री स्व. योगेश चन्द शर्मा निवासीगण ग्राम कांडनबास, तहसील बस्सी, जिला जयपुर
चूंकि वादी/प्रार्थी महेश ने इस अदालत में तारीख 12 माह 03 सन् 2018 को 1. महेश वगै. बनाम 2. परमानन्द वगै. प्रार्थना पत्र आदेश आदेश 9 नियम 9 सपठित धारा 151 CPC दायर की जो कि बाद अप्रार्थी योगेश अप्रार्थी में फोत हो गया और चूंकि प्रार्थी महेश मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी योगेश अप्रार्थी मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3 पक्षकार/अप्रार्थीगण बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1....आपको तारीख 17 माह 1 सन् 2026 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 6 माह 1 सन् 2026 को जारी किया गया।
दस्तखत
अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1 जयपुर जिला जयपुर
मोहर अदालत

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the Court of Sh. Sumit Dalal, Adj-04/SW/Dwarka New Delhi
CS DJ ADJ 983/2023
AJAY KUMAR......Plaintiff
Vs.
YOGENDER KUMAR & ORS.....Defendant
To
KAMAL KANT R/O VPO BAS KRIPAL NAGAR, TEH KISHANGARH BASS ALWAR, RAJASTHAN-301405
MOB.: 9251341503
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 11/02/2026 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-partie.
Given under my hand and the seal of the court, this 12/01/2026.
Seal — JUDGE-DJ-04, S.W., DWARKA COURTS, DELHI

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/1134
चूंकि प्रार्थी श्री DABLESH KUMAR VERMA SHYOPUR 57-58, SHYAM VIHAR COLONY, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास जन उत्थान सामाजिक सेवा संस्थान 23, NARDHAMAN COLONY SANGANER, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 18.03.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/1135
चूंकि प्रार्थी श्री SHASHIKANT SHARMA A-51, GANPATI NAGAR, MAIN BUS STAND RAJAWAS JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री इच्छा पूणेश्वर महादेव मंदिर समिति A 190, MAIN GANPATI NAGAR RAJAWAS JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 18.03.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/1136
चूंकि प्रार्थी श्री GYARSI LAL SHARMA 40, PRATAP NAGAR COLONY, NEAR GLASS FACTORY, TONK ROAD, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास प्रियंका हार्ट केयर फाउन्डेशन सोसायटी 40, PRATAP NAGAR COLONY, NEAR GLASS FACTORY, TONK ROAD, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 18.03.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

सशक्त उद्योगों से ही विकसित राजस्थान का निर्माण, प्रदेश बन रहा निवेशकों की पहली पसंद

जयपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सशक्त उद्योगों से ही विकसित राजस्थान का निर्माण होगा। राज्य सरकार निवेश प्रक्रियाओं में सरलता, पारदर्शिता एवं नीतियों में दीर्घकालीन स्थिरता लाने के साथ ही व्यवसाय की लागत में कमी की प्राथमिकताओं पर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभिन्न हितधारकों से प्राप्त सुझावों को आगामी राज्य बजट 2026-27 में शामिल करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स के साथ बजट पूर्व चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों की समृद्धि से ही विकास को नई गति मिलती है। एमएसएमई, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और तकनीकी सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमशीलता ने प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव लाया है। राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए कई नीतियों, योजनाओं के साथ-साथ अहम निर्णय किए हैं। राइजिंग

सीएम भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हस्ताक्षिरत 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग राजस्थान को इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली राज्य के रूप में स्थापित करती है। राज्य सरकार ने जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया, पचपदरा रिफाइनरी के साथ ही प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। वहीं, पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं। शर्मा ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों ने राजस्थान की देश-दुनिया में नई पहचान बनाई है। वे युवा उद्यिमयों को उद्योग-व्यापार में निवेश करने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को पर्याप्त बिजली सहित आवश्यक सुविधाएं एवं सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्यापारियों के विभिन्न विषयों के निराकरण के लिए राज्य सरकार हर संभव कदम उठाएगी।इस दौरान उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स से जुड़े विभिन्न संगठनों ने निवेश केन्द्रित नीतियों एवं प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। बैठक में लघु उद्योग भारती, कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फोर्टी, एसोचैम, फिक्की, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स

- **उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स के साथ बजट पूर्व चर्चा - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

ऑफ इंडिया, एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एण्ड प्रोफेशनल्स, दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, फैडरेशन ऑफ माइंस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ, होटल एण्ड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, इंडियन हैरिटेज होटल एसोसिएशन, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स, वेयरहाउस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, राजस्थान स्टील चैम्बर सहित विभिन्न सेक्टर्स के संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

घर लौट रहे दो बाइक सवारों को ट्रक व पिकअप ने कुचला

जयपुर (निसं)। राजधानी जयपुर में सोमवार देर रात हिट एंड रन की दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से अपने-अपने घर लौट रहे थे। एक हादसा विश्वकर्मा इलाके में हुआ,जहां ट्रक की टक्कर से युवक की जान चली गई,जबकि दूसरा हादसा करधनी क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से हुआ। दोनों मामलों में वाहन चालक मौके से फरार हो गए। एक्सीडेंट थाना (पश्चिम) पुलिस ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं और फरार वाहनों की तलाश की जा रही है। एक्सीडेंट थाना (पश्चिम) के हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि पहला हादसा विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में वीकेआई एकता रोड पर हुआ। इसमें रोड नंबर-1डी निवासी शुभम पांडे (30) की मौत हो गई। शुभम सी-स्कीम स्थित एक निजी बैंक में मैनेजर थे और अपनी पत्नी व दो वर्षीय बेटे के साथ रहते थे। सोमवार रात करीब 12.45 बजे वे बाइक से सी-स्कीम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने शुभम को गंभीर हालत में कांवटिया अस्पताल पहुंचाया।

सार-समाचार

केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री सुशोभा करंदलाजे का जयपुर दौरा

जयपुर, (निसं)। केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे मंगलवार को जयपुर दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने उद्योग भवन में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा की। करंदलाजे ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर राजस्थान में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि राजस्थान सरकार द्वारा इस योजना के लाभार्थियों को 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी दी जाती है, इससे केवल 3 प्रतिशत के ब्याज पर ही ऋण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में 1 जनवरी, 2026 तक बैंकों के द्वारा 53,552 लोगों को 466.70 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया जा चुका है। करंदलाजे ने उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त को निर्देश दिए कि वे संबंधित बैंकों के साथ बैठक कर ऋण स्वीकृत करने में आ रही परेशानियों को दूर किया जाए, ताकि अधिक से अधिक व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, टूल किट वितरण, बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत और प्रशिक्षण में आने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी ली और सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

वाहन चालकों ने उठाया पौषबड़ों का आनंद

जयपुर। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर गायत्री परिवार की ओर से मंगलवार को जेएलएन मार्ग पर राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। मां गायत्री और गुरुसत्ता को भोग लगाने के बाद जेएलएन मार्ग से गुजरने वाले लोगों, वाहन चालकों को गर्मागर्म बड़े खिलाए और चाय पिलाई। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन महेश कचोलिया और उनके परिजनों ने दोपहर दो से शाम साढ़े पांच बजे तक बड़े और चाय वितरित की। लोगों ने स्वयं वाहन को साइड में कर दाल के गर्मगर्म बड़ों के साथ अदरक की चाय की चुस्की ली।

शासन सचिव ने की विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा

जयपुर। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा हेतु मंगलवार को शिक्षा संकुल में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा श्री कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में पीएमयू की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल ने प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों की गहन भौतिक जांच सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 41 अधिकारी प्रदेशभर में 6-6 पीएम श्री विद्यालयों का दौरा करेंगे, जिनमें 3 श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एवं 3 न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले विद्यालय शामिल होंगे। ये निरीक्षण 18 निर्धारित रैंकिंग मानकों के आधार पर किया जाएगा।

शासन सचिव ने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पीएम श्री विद्यालयों में शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो। जिन विद्यालयों में इन मूलभूत सुविधाओं में कमी है, वहां 8 मार्च तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराना

- **शिक्षा संकुल में आयोजित हुई पीएमयू समीक्षा बैठक**

अनिवार्य होगा। प्रत्येक अधिकारी दो ब्लॉकों के विद्यालयों का निरीक्षण करेगा। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्यालयों के साथ मानचित्रण (मैपिंग) को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक विद्यालय परिसर में अधिकतम दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा सकते हैं तथा इस आधार पर आंगनबाड़ियों को विद्यालय भवनों में स्थानांतरित करने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में शासन सचिव ने अपार आईडी पंजीकरण, शारीरिक शिक्षकों के लिए कार्यशालाओं, निपुण राजस्थान अभियान, क्लस्टर प्रशिक्षण योजना, ओआरएफ, सीबीए, कार्यपुस्तक के डिजाइन एवं वितरण, नवीन मानकों के आधार पर जिला रैंकिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मोबाइल स्नैचिंग गैंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

जयपुर(निसं)। शहर में लगातार बढ़ रही मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने एसएमएस थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए दो मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक कीमती आईफोन बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी अब तक 17-18 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी आयुक्तालय की टीम ने एसएमएस थाना (पूर्व) क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नैचर सैफ अली उर्फ मोटा (27) निवासी रामगंज जयपुर और मोहम्मद सलमान (29) निवासी कोटा हाल रामगंज जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन तथा एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स बरामद किया गया है।

ऑडी हिट एंड रन मामला: मुख्य आरोपी की मदद करने वाले पांच गिरफ्तार

जयपुर(निसं)। राजधानी के पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में हुए चर्चित ऑडी हिट एंड रन मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी की मदद करने वाले एक डॉक्टर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने दिनेश रणवां (ड्राइवर) को फरार करवाने, छिपाने, गाड़ी और आर्थिक रूप से मदद की थी। हालांकि हादसे के समय ऑडी कार चला रहा मुख्य आरोपी दिनेश रणवां अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि हादसे के वक्त ऑडी कार में सवार मुकेश कुमार रणवां और पप्पू चौधरी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। । जिसमें एक मुकेश वर्तमान में पुलिस विभाग के निर्भया स्क्वॉड में कॉन्स्टेबल के रूप में जयपुर में तैनात है। वहीं मुख्य आरोपी दिनेश को फरार कराने और छुपाने में मदद

- **मुख्य आरोपी दिनेश अब भी फरार,अब तक सात लोगों की गिरफ्तारी**

करने के आरोप में डॉ. अशोक मीणा, सुमित कुमार, भागचंद, शिवराज और नितिन को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों ने दिनेश को घटनास्थल से भगाने, छुपाने तथा वाहन और नकदी मुहैया कराने में भूमिका निभाई।

पुलिस ने इस मामले में अब तक दो वाहन जब्त किए हैं। इनमें एक वह ऑडी कार शामिल है, जिससे हादसा हुआ था, जबकि दूसरी वह कार है, जिससे मुख्य आरोपी दिनेश घटनास्थल से फरार हुआ था।

हादसे में एक की मौत, 16 लोग कुचले गए: पुलिस के अनुसार 9 जनवरी की रात मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी के खरबास सर्किल पर तेज रफ्तार ऑडी कार ने थड़ी-ठेलों को टक्कर मारते हुए 16 लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर घायलों का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के समय कुछ लोग वहां काम कर रहे थे और कुछ भोजन कर रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

शराब के नशे में था चालक: अब तक की जांच में सामने आया है कि कार चालक दिनेश शराब के नशे में धुत था और अत्यधिक तेज गति से वाहन चला रहा था। बेकाबू कार ठेलों में घुस गई और लोगों को कुचलती चली गई। मौके पर जमा भीड़ का फायदा उठाकर दिनेश फरार हो गया। इसके बाद उसने अपने परिचित डॉ. अशोक मीणा को फोन किया, जिन्होंने उसे कार में बैठाकर रिंग रोड तक छोड़ा। इसके बाद से दिनेश फरार है और उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया है। वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी (कार चलाने वाले) दिनेश रणवा (32) के सभी बैंक खाते सीज कर दिए। इसमें उसकी कंपनी के खाते भी शामिल हैं। दिनेश की सोलर से जुड़ी कंपनी है। पुलिस दिनेश रणवा को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

जयपुर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर, द्वितीय ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त दीपक कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 1.20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पीठासीन अधिकारी विकास कुमार खंडेलवाल ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यदि ऐसे अपराधियों के प्रति कोर्ट नरमी का रुख रखेगी तो इससे उनके हौसले बुलंद होंगे और अपराध की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीडिता की मां ने 18 फरवरी, 2022 को हरमाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी नाबालिग बेटी सुबह सात बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उसे कई जगह पर तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। रिपोर्ट में आशंका जताई कि दीपक कुमार उसे कहीं लेकर चला गया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिहार से अभियुक्त को गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद किया। सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत को बताया कि उसके पास दीपक का फोन आता था। घटना के दिन वह दूध लेने गई थी। बीच रास्ते दीपक उसे अपने साथ बिहार लेकर चला गया था, जहां वह उसकी बहन के घर रुके थे। इस दौरान दीपक ने उसके साथ तीन बार जबरन संबंध बनाए थे। इस दौरान अभियुक्त ने उसे नशा करवा कर संबंध बनाए थे। वहीं अभियुक्त की ओर से कहा गया कि पीड़ित पक्ष का ठेला लगाने की बात को लेकर उसका झगडा हुआ था। ऐसे में परिवादी ने अपनी बेटी को मोहरा बनाकर उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

आज रहेगा आसमान में वो काटा वो मारा का शोर

जयपुर। नव अंग्रेजी वर्ष 2026 का पहला बड़ा पर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह से शाम तक आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें इलठाएंगी। डीजे की धुन पर दिनभर वो काटा के शोर के साथ पतंगबाजी होगी। सुबह का चाय-नाश्ता और दोपहर का भोजन छतों पर ही होगा। देर शाम आतिशबाजी कर विशिंग लैंप आसमान में छोड़े जाएंगे। मंगलवार को लोगों ने जमकर पतंगे और चरखी खरीदी। हांडीपुरा सहित पतंगों के बाजारों में दिनभर पतंग प्रेमियों का हुजूम उमड़ता रहा। वहीं घरों में महिलाओं ने तिल और गुड़ के लड्डू बनाए। बाजारों में फीणी की जमकर बिक्री हुई। मंगलवार को गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में रंग-बिरंगी पतंगों की झांकी सजाई गई। पं. राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मकर संक्रांति पर पतंगों का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

धौलपुर वनरक्षक हत्याकांड के विरोध में संयुक्त वन कर्मचारी संघ का उग्र प्रदर्शन

जयपुर(निसं)। धौलपुर में अवैध खनन माफियाओं द्वारा वनरक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत की निर्मम हत्या के विरोध में संयुक्त वन कर्मचारी संघ, राजस्थान द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार की लचर नीतियों एवं वन विभाग की संवेदनहीनता को इस दुखद घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया।

कर्मचारियों ने मांग की कि शहीद वनरक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत को शहीद का दर्जा दिया जाए, उनके परिजनों को सरकार की ओर से 1 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा प्रदेश के सभी रेंज कार्यालयों में पुलिस थानों की तर्ज पर पर्याप्त संसाधन, हथियार एवं वाहन उपलब्ध कराए जाएं।

धरना-प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कर्मचारियों ने अरण्य भवन के गेट पर ताला लगाकर वन मंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। उसके बाद श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन धारण

धौलपुर में अवैध खनन माफियाओं द्वारा वनरक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत की निर्मम हत्या के विरोध में संयुक्त वन कर्मचारी संघ का प्रदर्शन।

कर पुष्पांजलि अर्पित कर कैंडल मार्च निकाला गया। इस आंदोलन में प्रदेश के समस्त जिलों से विभिन्न संवर्गों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समस्त वन कर्मचारी संगठनों द्वारा एक बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सभा को महावीर शर्मा, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमल यादव, भूपेंद्र जादौन, अजयवीर सिंह, प्रकाश यादव,हनुमान चौधरी, पृथ्वी सिंह, सुरेंद्र फौजी, रामावतार पुरी सहित अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा प्रदेश का आगामी बजट : जोगाराम पटेल

जयपुर। प्रदेश का आगामी बजट जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने वाला होगा, जिसमें समाज के हर वर्ग और तबके के हितों का समुचित ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार बजट से पूर्व सभी क्षेत्रों के हितधारकों से संवाद कर सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि बजट अधिक से अधिक जनोपयोगी बन सके। यह बात जयपुर जिले के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कही।

प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में चिकित्सक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समूहों के प्रतिनिधि, एनजीओ, सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता फोरम, कृषक, पशुपालक एवं डेयरी संगठन, युवा एवं खिलाड़ी, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार, युवा प्रोफेशनल्स, राजीविका से जुड़ी महिला प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संगठनों ने बजट से जुड़े अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने सभी हितधारकों को आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों का समुचित परीक्षण कर उन्हें बजट निर्माण प्रक्रिया में सम्मिलित करने हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने अमृत काल में राजस्थान को और अधिक समृद्ध, विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी संगठनों और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।हितधारकों के साथ संवाद के पश्चात प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में पंच गौरव प्रोत्साहन योजना, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

माधव गाडगिल के निधन पर राज्यपाल ने शोक जताया

जयपुर, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश के प्रख्यात पर्यावरणविद माधव गाडगिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल बागडे ने कहा है कि देश के प्रख्यात पर्यावरणविद, चिंतक, पश्चिमी घाट जैव विविधता संरक्षण में अप्रतिम योगदान देने वाले माधव गाडगिल का निधन एक युग का अवसान है। वह धरती पुत्र थे। माधव गाडगिल जी ने जैव विविधता संरक्षण, सतत विकास और पर्यावरण नीति पर ही महती कार्य नहीं किया बल्कि पारिस्थितिकी संतुलन की दिशा में भी

- **राज्यपाल ने कहा है कि पर्यावरणविद, चिंतक, पश्चिमी घाट जैव विविधता संरक्षण में अप्रतिम योगदान देने वाले गाडगिल का निधन एक युग का अवसान है**

उनका बड़ा योगदान था। उनका निधन भारतीय प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से चिंतन करने वाले मनीषी का बिछोह है। यह असहनीय क्षित है।

राजस्थान पुलिस के जवानों को मिलेगा आतंकवाद विरोधी अभियानों का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

जयपुर(निसं)। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण सुरक्षा संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में शुरू हुआ। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और महानिदेशक राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड भृगु श्रीनिवास की मौजूदगी में हुए उद्घाटन समारोह में एनएसजी जवानों ने रोमांचक और आकर्षक प्रस्तुतियां दी। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने उद्घाटन समारोह में कहा कि आतंकवाद एक गंभीर और वैश्विक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए निरंतर सतर्कता, उच्च स्तरीय तैयारी और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एनएसजी द्वारा केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर नियमित

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में शुरू हुआ संपूर्ण सुरक्षा संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम।

रूप से प्रशिक्षण दिया जाता रहा है।

शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण से राजस्थान पुलिस के जवानों की व्यक्तिगत दक्षता और संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियानों में सामूहिक समन्वय और कौशल में वृद्धि सुनिश्चित होगी। महानिदेशक एनएसजी भृगु श्रीनिवासन ने कहा कि एनएसजी में सेना, केंद्रीय और राज्य पुलिस के चयनित कर्मियों को कठोर कमांडो प्रशिक्षण के बाद शामिल किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पिछले एक वर्ष में लगभग 26 हजार पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

- **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और राजस्थान पुलिस के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ**

इसी क्रम में राजस्थान पुलिस के लिए एक माह तक जयपुर और जोधपुर में विशेष आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।एनएसजी ने अब तक ऑपरेशन ब्लैक थंडर, मुंबई आतंकी हमला और पठानकोट जैसे अभियानों में सफलता प्राप्त की है। इन अभियानों में 59 आतंकियों को ढेर किया गया, 178 को गिरफ्तार किया गया और 755 बंधकों को सुरक्षित बचाया गया।

एनएसजी के मेजर जनरल संदीप सिंह ने बताया कि राज्य पुलिस फर्स्ट रिस्पांडर होती है, इसलिए एनएसजी के साथ बेहतर समन्वय के लिए यह एक माह का जॉइंट ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया है। इसमें बम डिस्पोजल, स्नाइपर, पर्सनल सिक्योरिटी, टेक्निकल ड्राइविंग सहित विभिन्न काउंटर टेरर ड्रिल्स पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक स्पेशल ऑपरेशन्स आनंद कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है।

पीएम मोदी पर जातिगत टिप्पणी मामला, राहुल गांधी के खिलाफ दायर रिवीजन याचिका खारिज

पीठासीन अधिकारी नीलम करवा ने कहा कि परिवादी के बयानों व अन्य साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि यह निगरानी खारिज किए जाने योग्य है

जयपुर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी खिलाफ दायर रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया है।

इसके साथ ही अदालत ने मामले में निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने यह आदेश अधिवक्ता विजय कलंदर की रिवीजन याचिका पर दिए। पीठासीन अधिकारी नीलम करवा ने कहा कि परिवादी के बयानों व अन्य साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि यह निगरानी खारिज किए जाने योग्य है।

निगरानी में कहा था कि निचली कोर्ट ने परिवाद के वास्तविक तथ्यों पर गौर किए बिना ही आदेश पारित किया है। आरोपी मौजूदा लोकसभा में प्रतिपक्ष

- **अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी खिलाफ दायर रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया है**

का नेता व जिम्मेदार नागरिक है। उन्होंने बार-बार जाति बदलकर भाषण दिया है और देश के आम नागरिकों को भड़काया जा रहा है। उनका मंसूबा देश एकता व अखंडता को नुकसान पहुंचाना है। ऐसे में उसकी रिवीजन याचिका को स्वीकार कर निचले कोर्ट का आदेश निरस्त किया जाए।

मामले के अनुसार परिवादी ने निचली कोर्ट में परिवाद दायर कर कहा था कि राहुल गांधी भारत जोडो न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ में कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी वर्ग के नहीं है। गुजरात की भाजपा सरकार ने मोदी को ओबीसी बनाया है। वे पिछडों के हक व हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। यह बयान देश में अशांति पैदा करने वाला व अखंडता के खिलाफ है।

राहुल गांधी खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी फिरोज गांधी, गैर हिन्दू परिवार के थे। उन्होंने खुद की जाति छिपाकर बयान दिया, इससे परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। इसलिए मामले में कानूनी कार्रवाई की जाए।

ARBIT it happens here...

Celebrating the Joy of Kites on International Kite Day

They're colourful, graceful, and dance freely in the sky, yes, they are kites! International Kite Day brings together enthusiasts from all walks of life, each showcasing their uniquely decorated creations. Believed to have originated in China over 2,000 years ago, kites were once used for practical purposes, like a general measuring battlefields, before becoming symbols of joy and creativity. In India, kite flying gained popularity around 500 years ago, often used in playful and romantic gestures. Today, the day celebrates culture, tradition, and the simple thrill of watching kites soar high above us.

राष्ट्रदूत
WEDNESDAY
14 January 2026
A-B

#PATANG

Kites!... Kites!... Kites!...

Ancient Chinese texts describe kites being used for measuring distances, testing the wind, lifting men, signaling, and communication for military operations



Kite flying (patang) in Rajasthan has a long history, with the tradition in cities like Bikaner reportedly starting in the 19th century. The specific introduction of kite flying to Jaipur is often attributed to Maharaja Ram Singh II, who brought the practice to the city around 150 years ago (mid-1800s).

He even established a dedicated kite factory and a system with horsemen to retrieve cut kites during the evening. This led to the prominent cultural phenomenon of kite flying in Rajasthan, especially during the Makar Sankranti festival in January each year.

While the exact origins of kites globally trace back to ancient China over 2,800 years ago, their earliest widespread adoption as a cultural and recreational activity in the specific region of Rajasthan is linked to these 19th-century developments.

In China, the kite has been claimed as the invention of the 5th-century BC Chinese philosophers Mozi and Lu Ban, who flew wooden kites called muyuan. With the invention of paper in the Han dynasty, kites made of paper became popular, and kites were called zhiyuan. Materials ideal for kite building were readily available, including silk fabric for sail material; fine, high-tensile-strength silk for flying line; and resilient bamboo for a strong, lightweight framework. By 549 AD, a kite was used as a message for a rescue mission. Ancient Chinese texts describe kites being used for measuring distances, testing the wind, lifting men, signaling, and communication for military operations. The earliest known Chinese kites were flat (not bowed) and often rectangular. Later, tailless kites incorporated a stabilizing bowline. Kites were decorated with mythological motifs and legendary figures. By the Tang dynasty, bamboo flutes, whistles, and ribbons were attached to kites to create sound, the precursor to the modern fengzheng, named after the sound the kites made in the wind. After its introduction into India, the kite further evolved into the fighter kite, known as the patang in India, where thousands are flown every year on

festivals such as Makar Sankranti. Kites were known throughout Polynesia, as far as New Zealand, with the assumption being that the knowledge diffused from China along with the people. Anthropomorphic kites, made from cloth and wood, were used in religious ceremonies to send prayers to the gods.

Kites were late to arrive in Europe, although windsock-like banners were known and used by the Romans. Stories of kites were first brought to Europe by Marco Polo towards the end of the 13th century, and kites were brought back by sailors from Japan and Malaysia in the 16th and 17th centuries. Konrad Kyeser described dragon kites in Bellifortis about 1400 AD. Although kites were initially regarded as mere curiosities, by the 18th and 19th centuries, they were being used as vehicles for scientific research. In 1752, Benjamin Franklin published an account of a kite experiment to prove that lightning was caused by electricity. Kites were also instrumental in the research of the Wright brothers, and others, as they developed the first airplane in the late 1800s. Several different designs of man-lifting kites were developed. The period from 1860 to about 1910 became the European 'golden age of kiting.'

In the 20th century, many new kite designs were developed. These included Eddy's tailless diamond, the tetrahedral kite, the Rogallo wing, the sled kite, the parafoil, and power kites. Kites were used for scientific purposes, especially in meteorology, aeronautics, wireless communications and photography. The Rogallo wing was adapted for stunt kites and hang gliding and the parafoil was adapted for parachuting and paragliding.

They set up hideouts in jungles near Chowkibal, a town in Kupwara district on the Indian side.

Don't Think Of A Gibraltar Again Pakistan

The Kashmir boundary has been a flashpoint for several decades.

Haji Pir Pass, at 8,652 feet, was the key. Whoever held it could control and dominate the main infiltration route between Pakistan-held territory and the Poonch-Uri axis. So long as the Pass was in Pakistani hands, Gibraltar's columns could keep coming. The Pass was dominated by three adjoining hill features, Bedori (3760 m) in the North-East, Ledwali Gali (3140 m) in the North-West and Sank (2895 m) in the North. The capture of these features was considered necessary for advancing to Haji Pir Pass.

Railroad officials and employees celebrate the completion of the first railroad transcontinental link in Promontory, Utah, on May 10, 1869. The Union Pacific's Locomotive No. 119 and Central Pacific's Jupiter edged forward over the golden spike that marked the joining of the nation by rail.



PATRIOTS CUT SRINAGAR-JAMMU ROAD

9 bridges blasted: arms, food depots seized

HEAVY INDIAN CASUALTIES IN WIDESPREAD, FIERCE FIGHTING

Panic grips Srinagar

Liberation plan unfolded

REVOLUTIONARY COUNCIL DECREE

Proclamation

Maj Gen Jagatbir Singh, VSM (RETD)

The first signs Operation Gibraltar Sixty were visible in early August 1965. Routine Patrols began reporting strangers in the high meadows. Villagers were often heard talking about men who claimed to be traders or herders but carried themselves like soldiers. Radio chatter that didn't match was being picked up. On the face of it, scattered dots on a map but the signs were revealing. There was a feeling that something was not right in Jammu and Kashmir

Pakistan's plan was audacious: slip thousands of trained men, disguised as civilians in coordinated columns, across the Ceasefire Line (CFL) and ignite an insurgency. The groups named after eight historical Muslim invaders such as Salahuddin, Babur, Ghaznavi and Tariq, were sent along designated routes with specific objectives starting from Kargil extending along Kishan Ganga River and further Southwards till Poonch. It was expected to garner local support and trigger mass uprising in J&K. Designed to tie down the Indian Army before regular Pakistani forces could exploit the chaos. Their aim was to create a 'People's War' in the Valley with a view to justify Pakistan intervention. General Harbaksh said it was 'brilliant in conception.'

But though ambitious, Operation Gibraltar was fundamentally flawed. There was an intelligence and analysis failure by Pakistan which relied excessively on inputs by few radical elements within the Valley who promised more than they could deliver regarding whipping up anti-India sentiment.

It also underestimated the Indian Army's preparedness, overestimated local support, and more importantly assumed infiltration routes would remain undetected. As the signs of hostile activities started emerging, the Indian Army moved rapidly from reactive defence to pre-emptive and offensive counter-operations, thus upsetting all Pakistani calculations.

Detection and Intelligence Fusion

The infiltration of the Gibraltar Force at various points across the 750-km long Cease-fire Line began on 05 August 1965. Initially, about 1,500 infiltrators crossed over in small batches, and concentrated at selected points organizing themselves into larger groups. The second batch of infiltrators, comprising some 6000 men, was pushed into Jammu and Kashmir in the third week of August. On the whole, about 8,000 infiltrators participated in these operations. By the first week of September 1965, a third batch of infiltrators, approximately 5,500 strong, was ready in Pakistan Occupied Kashmir for induction. But they could not be sent across the border due to the counter-offensive launched by India in Punjab.

Counter-Infiltration Operations

Recognising the magnitude of the threat, Army HQ tasked Western Command to neutralize the infiltrators before they could consolidate. 15 Corps' first move was to choke off the entry points the infiltrators depended on. Battalions were redeployed from depth areas to forward blocking positions in infiltration-prone areas. Mountain artillery Batteries were shifted to dominate likely approach routes and logistics were pushed up to sustain forward Platoons on exposed ridgelines.

Signals Detachments were embedded directly with Brigade HQs, ensuring that intercepted enemy transmissions could be turned into actionable intelligence within minutes. Air-Observation Post (Air OP) helicopters, risky to fly in such terrain, were tasked with scouting infiltration camps for strikes. Having successfully carried out a counter infiltration campaign, Lieutenant General Harbaksh Singh, the Western Army Commander, thereafter

Captured Pakistani soldiers during the 1965 Indo-Pakistan War.

#OPERATION GIBRALTAR 1965

India deployed 100,000 soldiers during the war.

> A renewed assault began at 2230 hours, 26 August. Indian troops advanced towards Point 9591 at Sank under intense fire. By 0430 hours, they reached within 450 meters of the enemy position and, in a determined frontal the charge, silenced enemy MMGs and LMGs. Pakistani troops withdrew to Sar feature. This was then captured and 1 PARA pushed to Ledwali Gali. However, the attack on the Bedori axis by 19 PUNJAB was stalled due to an unapproachable path. CO 1 PARA, Lieutenant Colonel Prabhjinder Singh, was now tasked to capture Haji Pir Pass. A small, self-contained, mixed Company Group was formed under Major (later Lieutenant General) RS Dayal.

pushed for three major offensives to seal J&K from further infiltration. The first was in the capture of three dominating Pakistani Posts in the Kargil Sector, thereafter, in Kishan Ganga Tithwal Sector where he had been a Brigade Commander in 1948, and finally, he concentrated on the strategic bulge between Uri and Poonch.

Kargil Sector: Recapture of Kargil Heights

In the Kargil Sector, the first step was to recapture the three Pakistani posts on the Kargil heights, which posed a constant danger to Srinagar-Leh Road. The Kargil heights, which had been captured by India in May 1965, were returned to Pakistan in June, in response to UN appeal.

On 14 August, a Task Force led by Major Balwant Singh of 17 PUNJAB captured Point 13620, Saddle, and Black Rocks. These objectives were attacked from three different directions. The troops had to climb up the slopes through the gaps in the minefield created by the Engineers in the night. The operation commenced at 0001 hours as planned and all the three objectives were captured by the morning of 15 August, without suffering any casualty.

Tithwal Sector

In the Tithwal Sector, the 'Nusrat Force' did not function effectively despite the fact that it was supported by regular Pakistani troops located near Mirpur. However, from 13 to 18 August, the Pakistanis raided some Indian Posts and indulged in intensive firing. In retaliation, the Indian troops crossed the Cease-fire Line on 24 August and occupied three Pakistani Posts. It was during this action that a 'Divisional Order' signed by Maj Gen Akhtar Hussain Malik was captured.

On 23 August, a combined Patrol of 2 RAJPUT and 3/8 GORKHA RIFLES secured the Ring Contour area across the Cease-fire Line. Although no opposition was encountered at the objective, the enemy shelled the position throughout the night. On 24 August, 1 SIKH attacked the Pakistani Post on Richhmar Ridge. The attack was ably led by Major Somesh Kapoor, and the enemy, taken by surprise, fled in confusion.

On the night of 25-26 August 1965, Pir Sahiba was captured after a determined climb and close combat. This blocked key infiltration routes into Kashmir.

On 03-04 September, 3/8 GORKHA RIFLES attacked the Sunjoi feature. After crossing minefields and fighting hand-to-hand, they successfully evicted Pakistanis from the feature. Two enemy counter-attacks were beaten back. By mid-September, Indian patrols found Parni and Mirpur abandoned, and on 20-21 September night, 4 KUMAON captured Point 9013 after three hours of fierce fighting. The Indian forces now secured control over the Mirpur Sector up to the Kishan Ganga River.

Uri-Haji Pir: Closing the Gateway

Haji Pir Pass, at 8,652 feet, was the key. Whoever held it could control and dominate the main infiltration route between Pakistan-held territory and the Poonch-Uri axis. So long as the Pass was in Pakistani hands, Gibraltar's columns could keep coming. The Pass was dominated by three adjoining hill features, Bedori (3760 m) in the North-East, Ledwali Gali (3140 m) in the North-West and Sank (2895 m) in the North. The capture of these features was considered necessary for advancing to Haji Pir Pass. The Haji Pir Operation, designed as a major pincer, called for a Northern thrust along the Uri-Haji Pir axis and a Southern push from the Punch-Kahuta side. The objective was to cut all approach routes to the bulge. The Northern advance was assigned to 19 Infantry Division under Major General SS Kalaan, with 68 Infantry Brigade commanded by Brigadier (later Lieutenant General) ZC Bakshi under command. The operation was given the codename Operation BAKSHI and was conducted in three phases.

डीडवाना, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कहा कि सही शिक्षा वहीं है जो किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यक्ति का चारित्रिक और बौद्धिक विकास भी करे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को बदलने का माध्यम है। एकाग्रता के साथ निरंतर अभ्यास और मेहनत से लक्ष्य प्राप्त करना विद्यार्थियों का ध्येय होना चाहिए। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मंगलवार को डीडवाना में बांगड़ महिला महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल बागड़े ने कहा कि वर्तमान में तकनीकी शिक्षा का अत्यधिक महत्व है, बालिकाओं को भी तकनीकी शिक्षा हासिल कर प्रतिभा का विकास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि बांगड महिला महाविद्यालय बालिकाओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने भी शिरकत की और महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी से लेकर आज तक महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, और वर्तमान में भी हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने पदक विजेता छात्राओं को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया।

इससे पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने छात्राओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक हरिमोहन बांगड एवं डीडवाना विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश चन्द शर्मा ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पंडित बच्छराज आदर्श विद्या मन्दिर पहुंच कर पंडित बच्छराज व्यास की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर डीडवाना विधायक युनुस खान, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, अजमेर रेंज आईजी राजेंद्र सिंह, जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर सहित सभी संबंधित अधिकारी, छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, कोटपूतली
पत्ताः- अमाई, आरटीएम होटल के पास, कोटपूतली / Email-dto.kotputli.tport@rajasthan.gov.in
क्रमांकः- जि.प.अ.कोट/लेखा/2025-26/49904 दिनांकः- 24.12.2025

नोटिस एवं नीलामी विज्ञापन

निम्नलिखित वाहनों के विरुद्ध एवं इन वाहनों के पंजीकृत स्वामियों / फर्म के प्रोपराईटरों के नाम से पंजीकृत अन्य वाहनों पर राज्य सरकार को देय कर राशि बकाया होने के कारण इन वाहनों को राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत जब्त किया जाकर इन्हे राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 की धारा 13A के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियो के अनुसार कुर्क किया गया है। सीज वाहनों के पंजीकृत स्वामियों / फर्म के नाम से पंजीकृत वाहनों के सम्बन्ध में फर्म के प्रोपराइटरों को सीज वाहनों तथा इनके नाम से अन्य पंजीकृत वाहनों पर बकाया कर राशि जमा कराने के लिए इस कार्यालय के रजिस्टर्ड पत्रों के माध्यम से जरिए मांग नोटिस पूर्व में सूचित किया जा चुका है।

दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से जारी उक्त सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से वाहन स्वामियों/फर्मों के प्रोपराइटरों को सीज किये गये वाहनों पर तथा अन्य पंजीकृत वाहनों पर राज्य सरकार को देय कर राशि नीलामी से पूर्व जमा कराने का अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि इन वाहनों की नीलामी दिनांक से पूर्व राज्य सरकार को देय समस्त कर जमा करा देवें। यदि फिर भी इनके द्वारा बकाया कर राशि जमा नहीं कराई जाती है तो निम्न वाहनों को निम्नानुसार नीलामी के जरिए विक्रय करने की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी।

इन नीलाम किये जा रहे वाहनों के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक / वित्तपोषक आदि को किसी भी प्रकार कोई उज/ऐतराज/दावा हो तो नीलामी दिनांक से एक दिन पूर्व तक विभाग का बकाया कर जमा करवाकर अपना ऐतराज /उज/दावा प्रस्तुत कर सकेगें। उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् कोई भी आपत्ति होने पर उस आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। वाहन जहाँ खडा है, जैसा है, के आधार पर उनके सामने अंकित स्थान दिनांक एवं समय पर नीलाम कर दिया जावेगा।

क्र. सं	वाहन का पंजीयन संख्या	वाहन स्वामी का संक्षिप्त विवरण	वाहन का प्रकार	वाहन जहां खड़ा है	वाहन का नीलामी स्थान	नीलामी की दिनांक व समय
1	HRS5AP9646	श्री विजय पाल पुत्र श्री सुखदेव सिंह	BUS	पुलिस थाना पनियाला	जिला परिवहन कार्यालय परिसर, कोटपूतली	06.02.2026 2PM से 6PM
2	HR63D0660	श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री धर्मपाल निवासी 28 फ्तेहपुरी ढाकला झज्जर हरियाणा	BUS	सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा		
3	RJ32GD0104	मैसर्स एस0डी0 एसोसिएट्स निवासी अल्ट्राटेक सीमेंट रोड गोरधनपुरा, तह कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड़	HORSE (केवल Horse)	सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा		
4	RJ32GC7213	श्री शक्ति सिंह यादव पुत्र जयनारायण यादव निवासी ग्राम गण्डाला, तह. बहरोड, जिला कोटपूतली-बहरोड	TRUCK	सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा		
5	RJ32GB3374	श्री नरेश कुमार जाट पुत्र श्री वीरभान अजीतपुरा कलां, तह0 कोटपूतली, जिला कोटपूतली-बहरोड़	TRUCK	सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा		

नीलामी की शर्तेः-
1. नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को नीलामी प्रक्रिया शुरु होने से 1 दिन पूर्व अमानत राशि के रुप में रु. 200000/- डी.डी. के रुप में जमा करानी होगी।
2. नीलामी समाप्ति पर अधिकतम बोलीदाता को एक चौथाई राशि तुरंत जमा करवानी होगी। शेष तीन चौथाई राशि नीलामी के तीन दिवस की अवधि में जमा करानी होगी, अन्यथा जमा शुद्धा एक चौथाई राशि जब्त कर ली जायेगी।
3. नीलामी की शर्तों एवं नियमों तथा वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय समय में प्रातः 9.30 बजे से 6.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।
4. जो वाहन नीलाम किये जाने है उनके वाहन स्वामी / परमिटधारी उक्त नीलामी में भाग नहीं ले सकेगें।
5. वाहन की नीलामी पर बिकी कर विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कर देयता बनने पर उक्त कर अलग से संबंधित विभाग को क्रेता द्वारा देय होगा।
6. नीलामी को स्वीकार अथवा अस्वीकार किये जाने का पूर्ण अधिकार नीलामी समिति को होगा।
7. वाहन जहाँ खड़ा है जिस स्थिति में है की निलामी की जायेगी।

(सुनील कुमार सैनी)
जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी
कोटपूतली (जयपुर)

DIPR/C/297/2026

प्रदेश की प्रत्येक महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगे- भजनलाल

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद किया

जयपुर, 13 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक हैं। महिलाओं के आगे बढ़ने से ही प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए

- **इस कार्यक्रम के दौरान महिला प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की सराहना की तथा स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा शिक्षा व स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे।**

प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, जिससे इस आधी आबादी की सक्रिय भागीदारी से विकसित तथा उत्कृष्ट राजस्थान का निर्माण किया जा सकेगा।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी मौजूद थे।

ही आत्मनिर्भर परिवार, समाज और आत्मनिर्भर राजस्थान का निर्माण होगा। इसीलिए राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों का प्रमुख केन्द्रबिंदु बनाया है। शर्मा ने आश्वस्त किया कि महिला प्रतिनिधियों के सुझावों को बजट 2026-27 में यथासंभव शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे।

शर्मा ने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत देय राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये की गई है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को प्रदेशभर में निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान महिला प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों एवं योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री के निर्णयों एवं प्रयासों की सराहना की। महिलाओं ने स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित, विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव महिला एवं बाल विकास भवानी सिंह देथा सहित, वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

दिल्ली में जिम तथा व्यापारी के घर पर फायरिंग

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। दो जगह पूर्वी दिल्ली के पश्चिमी विनोद नगर और पश्चिमी विहार में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से दिल्ली दहल उठी है। दोनों की जगह कई-कई राउंड फायरिंग की गई है। पश्चिमी विनोद नगर में व्यवसायी के घर के बाहर

- **लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दोनों जगह फायरिंग की जिम्मेदारी ली।**

और पश्चिमी विहार में स्थित एक जिम पर फायरिंग हुई है। शुरूआती जांच में पता लगा कि दोनों ही जगह फिरौती (वसूली) के लिए फायरिंग की गई है। लॉरेंस बिश्रोई गैंग ने दोनों जगह हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। संबंधित थाना पुलिस के साथ-साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व अपराध शाखा की टीमें मामले की जांच कर रही हैं। शुरुआती जांच में पता लगा कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से फायरिंग करवाई गई है। इससे पुलिस महकमे में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है।

20 जनवरी को नितिन नबीन भाजपा ने नए अध्यक्ष बन सकते हैं

सूत्रों के अनुसार वे 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन अगले हफ्ते पार्टी अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बिहार से पांच बार के विधायक नितिन नवीन को पिछले साल 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सूत्रों के मुताबिक,नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे और 20 जनवरी को उनके निर्विरोध चुने जाने की संभावना है।

- **पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस अवसर पर भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों, पदाधिकारियों को नई दिल्ली में मौजूद रहने की हिदायत दी गई है।**

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उनके निर्विरोध चुने जाने की पूरी संभावना है, क्योंकि किसी अन्य नेता के मैदान में उतरने की संभावना बेहद कम है। भाजपा के सूत्र ने बताया, अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन 19 जनवरी को दाखिल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, यदि आवश्यकता पड़ी तो जेपी नड्डा के स्थान पर नए भाजपा अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पार्टी मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं को इस मौके पर दिल्ली में मौजूद रहने को कहा गया है। पार्टी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा करेंगे। बताया गया है कि अध्यक्ष पद के लिए तीन सेट में नामांकन दाखिल किए जाएंगे। एक सेट पर 20 से अधिक निर्वाचित प्रदेश अध्यक्षों के हस्ताक्षर होंगे।

दूसरे सेट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के हस्ताक्षर होंगे। तीसरा सेट भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का होगा। यदि केवल एक ही नामांकन आता है, तो उसी दिन अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष चुनाव की तैयारियों को लेकर जेपी नड्डा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक भी हुई। बैठक में नितिन नबीन के साथ बी एल संतोष, सुनील बंसल, अरुण सिंह और तरुण चुघ मौजूद थे।

'विधवा बहू को ससुर की संपत्ति से भरण पोषण का अधिकार है'

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में यह अहम् फैसला दिया कि पुत्र की विधवा आश्रित मानी जाएगी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। जस्टिस पंकज मिथल ने फैसले को आसान शब्दों में समझाते हुए कहा, मृतक हिंदू के सभी वारिसों की यह जिम्मेदारी है कि वे मृतक की संपत्ति से उसके आश्रितों का भरण-पोषण करें। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया, मृतक हिंदू के पुत्र की कोई भी विधवा, अधिनियम की धारा 21(7) के तहत आश्रित मानी जाएगी और धारा 22 के तहत भरण-पोषण का दावा करने का अधिकार रखती है।

यह मामला मृतक महेन्द्र प्रसाद की संपत्ति से जुड़े पारिवारिक विवाद के कारण सामने आया। महेन्द्र प्रसाद का दिसंबर 2021 में निधन हो गया था। उनके पुत्रों में से एक रंजीत शर्मा का भी मार्च 2023 में निधन हो गया। रंजीत

- **यह मामला मृतक महेन्द्र प्रसाद की सम्पत्ति से जुड़ा था। महेन्द्र प्रसाद का निधन 2021 में हुई था तथा उनके पुत्र रंजीत का निधन 2023 में हुआ था। यह मुकदमा रंजीत की विधवा गीता शर्मा ने दायर किया था।**

की मृत्यु के बाद उनकी विधवा गीता शर्मा ने अपने ससुर की संपत्ति से भरण-पोषण के लिए परिवार न्यायालय में याचिका दायर की।

परिवार न्यायालय ने शुरू में उनका दावा खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह ससुर की मृत्यु के समय विधवा नहीं थीं और इसलिए आश्रित नहीं मानी जा सकतीं। हालांकि, हाईकोर्ट ने यह फैसला पलट दिया, जिसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला गैरकानूनी नहीं था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह मानता है कि मृतक के पुत्र की विधवा की याचिका सुनवाई योग्य है और परिवार न्यायालय को इसे कानून के अनुसार जांचना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि पुत्र या अन्य कानूनी वारिसों की जिम्मेदारी है कि वे मृतक की संपत्ति से सभी आश्रितों का भरण-पोषण करें। इसमें वे सभी लोग शामिल हैं, जिनका पालन-पोषण करना मृतक का कानूनी और नैतिक कर्तव्य था।

कश्मीर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिकारियों का कहना है कि यह अभ्यास हालिया आतंकवाद-रोधी कार्रवहियों के बाद किया जा रहा है और इसका मकसद कट्टरपंथ को रोकना तथा धार्मिक स्थलों के दुरुपयोग को रोकना है। वहीं राजनीतिक नेताओं का तर्क है कि यह चुनिंदा तौर पर निशाना बनाने और धार्मिक मामलों में दखल देने जैसा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने लोहड़ी की बधाई दी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फसलों के उत्सव लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के मौकों पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ये त्योहार भारत की समृद्ध कृषि विरासत और राष्ट्रीय एकता की भावना के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, "मैं लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के शुभ अवसर पर भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई देती हूं।"

खड़गे -राहुल ने लोहड़ी की बधाई दी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोहड़ी के अवसर पर देशवासियों को मंगलवार को बधाई दी और सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। खरगे ने अपने बधाई संदेश में कहा, "लोहड़ी के शुभ अवसर पर सभी को बहुत- बहुत बधाई। आशा है हर्ष और उल्लास का यह त्योहार आपके जीवन में अपार ख़ुशियाँ व समृद्धि लेकर आए।" गांधी ने कहा, "आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाईयां। यह पावन त्यौहार सभी के जीवन में ढेर सारी खुशियां, सुख और शांति लेकर आए।"

बंगाल में एसआईआर के दौरान हिंसा के मामलों की सुनवाई 19 जनवरी को होगी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तब तक सभी पक्षों के जवाब मिल जाएंगे, उसके बाद एक साथ सुनवाई की जाएगी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कथित हिंसा से जुड़े मामलों की सुनवाई संबंधित पक्षों से जवाब मिलने के बाद 19 जनवरी को एक साथ की जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब एक वकील ने अदालत के समक्ष इस मुद्दे को उठाया तथा एक प्रतिवाद हलफनामे का हवाला दिया जिसमें कथित तौर पर राज्य में हिंसा की कम से कम छह घटनाओं को स्वीकार किया गया है। वकील ने अनुरोध किया कि इस मामले की सुनवाई उसी दिन दोपहर 2 बजे बिहार से संबंधित एक समान मामले के साथ की जाए। मुख्य न्यायाधीश ने हालांकि यह अनुरोध अस्वीकार कर दिया और

- **मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बैंच ने यह टिप्पणी तब की जब एक वकील ने अदालत में इस मुद्दे को उठाया और बिहार से संबंधित मामले के साथ इसकी सुनवाई करने का आग्रह किया।**

कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल के पहले उल्लेखित संबंधित याचिका पर पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है और केन्द्र तथा अन्य पक्षों को शुक्रवार तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया गया है।

न्यूयॉर्क में नर्सों की हड़ताल

न्यूयॉर्क, 13 जनवरी। न्यूयॉर्क शहर के कई बड़े अस्पतालों में नए अनुबंध पर बातचीत असफल हो जाने से लगभग 15,000 नर्सों की हड़ताल सोमवार को पहले दिन में प्रवेश कर गई। कोलंबिया ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम न्यूज (सीबीएस) ने यह जानकारी दी। हड़ताल सोमवार को सुबह पांच निजी अस्पतालों में शुरू हुई, जिसमें माउंट सिनाई, माउंट सिनाई मॉर्निंगसाइड, माउंट सिनाई वेस्ट और मैनहट्टन में न्यूयॉर्क-प्रेस्बिटेरियन सुविधाएं शामिल हैं।

'कुत्तों को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के लिए गोद लेने के "नैशनल एडॉप्शन मिशन" की मांग की थी। उसने कहा था कि प्रोत्साहन के रूप में नसबंदी और टीकाकरण जैसे उपाय हो सकते हैं।

इस पर जस्टिस मेहता ने कहा, "क्या आप सच में ऐसा सोच रहे हैं? अभी-अभी एक युवा वकील ने हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए हैं। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने पर भी बहस कर सकते हैं। साल 2011 से, जब से मैं जज बना हूं, ये सबसे लंबी दलीलें हैं जो मैंने सुनी हैं, और अब तक किसी ने इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है।

चीन की कम्युनिस्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से आया था। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, जो यात्रा पर थे, बैठक में उपस्थित नहीं थे।

कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि जब "ऑपरेशन सिंदूर" जारी है और, पाकिस्तान के साथ गतिरोध के दौरान चीन ने पाकिस्तान की मदद की थी, इन हालात में भाजपा का सीपीसी से संपर्क करना गलत है। चीन ने जम्मू और कश्मीर के शक्साम घाटी सहित, भारतीय क्षेत्र पर भी अपना दावा किया है।

कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्थिति की विडंबना को उजागर किया। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री अपने देशवासियों से चीन के पटाखे न खरीदने की अपील करते हैं, लेकिन खुद एक चीनी स्मार्ट मीटर, डोंगफांग, खरीदने जाते हैं। चीन उर्वरक और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की बिक्री रोकता है, लेकिन भारत सरकार कुछ नहीं करती। प्रधानमंत्री को यह फिक्र नहीं है कि गलवान में 20 भारतीय सैनिक मारे गए।" खेड़ा ने कहा, "विडंबना यह है कि चीन को "लाल आंख" दिखाने के बजाय, भाजपा उसके लिए "लाल कालीन" बिछा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जस्टिस नागरत्ना ने आगे कहा कि यह कानून "असल में एक निश्चित स्तर से ऊपर के सरकारी कर्मचारियों को ही सुरक्षा देता है।"

उन्होंने कहा, "ऊंचे स्तर के अधिकारी ही सिफारिश करते हैं या फैसले लेते हैं... एक खास वर्ग है, जिसके लिए ही पूर्व मंजूरी जरूरी कर दी गई है... यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, क्योंकि इसका कानून के उद्देश्य से कोई सम्बन्ध नहीं है तथा यह वर्गीकरण की स्थिति पैदा करता है।"

उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील का भी जिक्र करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच की मंजूरी के बिना, सच हमेशा अधर में लटका रहेगा।

उन्होंने पूछा, "एसजी मेहता ने कहा है कि आज के दौर में सच और झूठ में फर्क करना मुश्किल है। तो क्या ऐसी सभी शिकायतों पर आगे कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?"

जस्टिस नागरत्ना ने कहा, "अगर जांच के बाद फैसले लिए जाते हैं, तो इससे किसी भी तरह का नीति अवरोध नहीं होगा।"

चुनाव आयुक्त को इम्युनिटी पर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रतिरक्षा पारदर्शिता को कमज़ोर करती है और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने वाली संवैधानिक संस्था पर जनता का भरोसा घटाती है।

यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब चुनाव आयोग को लेकर विपक्ष का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लगभग सभी गैर-भाजपा दलों ने ईसीआई पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया है, खासकर मतदाता सूची के "स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न" (एसआईआर) और कई राज्यों में मतदाताओं के नाम हटाने की नई रूपरेखा को लेकर। विपक्षी नेताओं का दावा है कि इन प्रक्रियाओं का असर कमज़ोर और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर ज्यादा पड़ता है, हालांकि ईसीआई ने इन आरोपों को बार-बार खारिज किया है।

तनाव तब और बढ़ गया, जब दिल्ली स्थित ईसीआई मुख्यालय में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों और चुनाव आयोग के अधिकारियों के बीच टकराव की नौबत आ गई, जिससे आयोग और विपक्षी दलों के बीच अविश्वास की गहरी खाई साफ नज़र आई।

पक्षपात के ऐसे ही आरोप हाल ही में संपन्न बिहार चुनावों के बाद लगे थे, जहां विपक्षी दलों ने आदर्श आचार संहिता को चयनात्मक रूप से लागू करने और प्रशासनिक दखल का आरोप लगाया।

यह प्रतिरक्षा कानून अब चुनावी सुधारों पर चल रही व्यापक बहस का अहम् मुद्दा बन गया है। आलोचकों का कहना है कि चुनाव आयुक्तों के चयन वाली समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर, उसे पूरी तरह कार्यपालिका-प्रधान समिति बनाना पहले ही संस्थागत (चैक्स एंड बैलेंस) नियंत्रण एवं संतुलन को कमज़ोर कर चुका है।

आलोचकों का कहना है, इसके बाद आजीवन प्रतिरक्षा देने का कदम इस धारणा को और मजबूत करता है कि सरकार आयोग को किसी भी जांच-पड़ताल या संवीक्षा (स्क्रूटिनी) से बचाना चाहती है।

एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने कहा, इससे जाने वाला संदेश चिंताजनक है। ऐसा लगता है, मानो लगातार सत्तारूढ़ दल के पक्ष में फैसले देने के बदले में, सरकार चुनाव आयोग को कानूनी सुरक्षा दे रही हो।

लेकिन सरकारी सूत्र इन आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं कि यह प्रतिरक्षा संवैधानिक पदाधिकारियों को निरर्थक मुकदमों और पद छोड़ने के बाद की परेशानी से बचाने के लिए है। उनका कहना है कि यह कानून अन्य उच्च संवैधानिक पदों को मिलने वाली सुरक्षा के अनुरूप है और इससे आयोग की स्वतंत्रता पर कोई असर नहीं पड़ता।

अब सुप्रीम कोर्ट से यह जांच करने की उम्मीद है कि इतनी व्यापक प्रतिरक्षा संवैधानिक जवाबदेही और कानून के सामने समानता के सिद्धांतों के अनुरूप है या नहीं। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अदालत की टिप्पणियों का कार्यपालिका और स्वतंत्र संस्थाओं के बीच के शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर पड़ सकता है।

जैसे-जैसे यह मुद्दा अदालत और संसद से बाहर निकलकर सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा बन रहा है, सरकार पर अपने रुख को सही ठहराने का दबाव बढ़ता जा रहा है। कई अहम राज्यों के चुनाव सामने हैं, ऐसे में इस कानूनी चुनौती का नतीजा न केवल चुनाव आयोग के भविष्य, बल्कि भारत की चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को भी प्रभावित कर सकता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालय:**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय:**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालय:**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालय:**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :**- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :**- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय:** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

संक्षिप्त

नशे में डॉक्टर अस्पताल में गिर पड़े

टोंक। मुख्यालय स्थित जिले का सबसे बडे सरकारी हॉस्पिटल सआदत चिकित्सालय में सोमवार की रात शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। इस दौरान सीनियर मेडिकल ऑफिसर रात को शराब के नशे में धुत होकर हॉस्पिटल पहुंचा और वार्ड में लडखड़ाते हुए वहीं गिर पडे । घटना सआदत हॉस्पिटल में बीती रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है, जहां वार्ड 20 में सोमवार रात्रि कों डॉ. अनुराग शर्मा लडखड़ाते हुए आये तथा बाद में वार्ड में महिला और पुरुष मरीजों के अलावा अटेंडेंट के सामने पेंट को उतारा और महिला मरीजों के सामने ही पेशाब करने लग गए, जिसके बाद वह लड़खड़ाते हुए वहीं गिर गए। घटना के बाद वार्ड में मौजूद स्टाफ व्हील चेयर लेकर आया और डॉक्टर अनुराग शर्मा को उस पर बैठाकर घर पहुंचाया गया । घटना के बाद पीएमओ डॉ. हनुमान बैरवा ने बताया कि डॉ. अनुराग शर्मा ने सोमवार को जयपुर जाने के लिए छुट्टी ली थी, लेकिन वे कल ही वापस आ गए थे। उन्होने कहा कि हॉस्पिटल में शराब पीकर आना गलत है।

अवैध शराब रखने का आरोपी पकड़ा

टोंक। अति. पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव के निर्देशन में वृत्ताधिकारी उनियारा आकांक्षा कुमारी एवं थानाधिकारी बनेठा भागीरथ सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अवैध शराब परिवहन में कार्यवाही करते हुये सोमवार को कैरोद ग्राम से आरोपी पप्पूलाल पुत्र श्योचन्दा बैरवा उम्र 49 साल निवासी देवरी थला थाना उनियारा टोंक को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से अवैध देशी शराब 49 पव्वे जब्त किये गये है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एक्साईज एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

युवाओं को पुरस्कृत किया

बहरोड़/ नीमराना। नगर परिषद बहरोड के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर में ममता हेल्थ केयर इंस्टिट्यूट एवं ग्रीनलैम संस्था ने विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया । युवा दिवस पर आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंसिपल अमित शर्मा एवं स्टाफ तथा ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट संस्था के सुशील रोहिल्ला व स्टाफ द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इसी के चलते विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों को ममता संस्था द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यकारिणी का चयन

मनोहरपूर । प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत के द्वारा भरतपुर संभाग के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का चयन अध्यक्ष अब्दुल लतीफ आरको एवं संरक्षक अशरफ अली खिलजी के निर्देशानुसार रमजान एवं अकबर अली की मौजूदगी में किया गया। प्रदेश के कई जिलों से पदाधिकारी एवं प्रतिनिधिगण जयपुर पहुंचे और महापंचायत अध्यक्ष अब्दुल लतीफ आरको का माला, साफा पहनकर स्वागत किया गया साथ ही अब्दुल लतीफा आरको द्वारा महापंचायत की नियुक्तियां प्रदान करते हुए मोहम्मद अली हाजी रिटायर्ड पीटीआई को भरतपुर संभाग के अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा गया तथा हिंडौन सिटी से निजामुद्दीन को प्रदेश कमेटी में मुख्य जिम्मेदारी दी गई।

विकासात्मक कार्यों की समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्विति की जाये : प्रभारी मंत्री

कोटपुतली प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में फ्लैगशिप सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं, बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली।

- **गांवों में पेयजल आपूर्ति की कार्य योजना तथा अवैध नल कनेक्शन एवं बकाया बिलों की रिकवरी के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए**

कोटपूतली। राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में फ्लैगशिप सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

सिंह ने विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिले में पी एच ई डी के अधीक्षण अभियंता को जल जीवन मिशन के तहत जिले के नॉन फिजेबल गांवों में पेयजल आपूर्ति की कार्य योजना तथा अवैध नल कनेक्शन एवं बकाया बिलों की रिकवरी, पेयजल सप्लाई हेतु गुणवत्तापूर्ण पाइल लाइन डालने व उखड़ी हुई सडकों की मरम्मत के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में सडक तंत्र के सुदृढीकरण संबंधित किए जा रहे कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा कर पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि स्वीकृत सडक कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि आरडीएसएस योजना के कार्य यथासमय पूर्ण हो तथा किसानों के हित में कृषि कनेक्शन प्राथमिकता से करवाए जाएं। साथ ही निरन्तर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखें। उन्होंने जिले के पंच गौरव को बढावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत बजट की वस्तुस्थिति का फीडबैक लेकर विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत राशि से निर्धारित कार्यों को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

सम्मान समारोह आयोजित

फुलेरा। रेलवे परिसर स्थित नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन कार्यालय, फुलेरा में मंगलवार को सम्मान समारोह व पंगत प्रसादी-पोष बड़े का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जैक्सन सोसाइटी चुनाव में विजयी हुए जयपुर मंडल के संचालक सुभाष मीणा, जेसी बैंक डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह बधाला सहित रेल कर्मचारियों एवं पेंशनरों ने मंडल मंत्री राकेश यादव का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इसी के साथ मुख्य लोको निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर नरेंद्र सिंह चाहर, राजकुमार सैनी एवं मदन मेघवाल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन एसके माथुर ने किया। कार्यक्रम में एडीईएन संजय पूनिया, एरिया मैनेजर सीएल चौधरी, पीडब्ल्यूआई राकेश कुमावत, आईओडब्ल्यू श्रवण यादव सहित यूनियन के महेशसहाय शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, सुरेश जांगिड़, भव्य ओबेरॉय, चेतन कुमावत, गोपाल चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

वीबी-जी राम जी का विरोध करने वालों पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का बड़ा प्रहार

- **केंद्रीय मत्री भूपेंद्र यादव, जन स्वास्थ्य मंत्री कन्हैयालाल ने खैरथल में किया सभा को संबोधित**
- **276 करोड के किए विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण**

खैरथल। केंद्रीय पर्यावरण, वन मंत्री, अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव व राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल ने मंगलवार को खैरथल में विशाल जनसभा को संबोधित करने के साथ 161 करोड की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भिवाडी में भिवाड़ी मोड़ जंक्शन सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास किया। दोपहर 1 बजे गांव गहनकर स्थित बाबा कमल नाथ आश्रम पहुंचें, इसके उपरांत दोपहर 2 बजे मारुत नंदन फैक्ट्री एरिया के पास, खैरथल में बाबा बंदा सिंह बहादुर बाइपास का शिलान्यास किया। इसके बाद मंत्री भूपेंद्र यादव व मंत्री कन्हैयालाल ने होटल ग्रीनलैंड पहुंचकर सभा को सम्बोधित किया और विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। खैरथल में सभा को सबोधित कर रहे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मनरेगा को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर स्पष्ट करते हुए वीबी-जी राम जी की पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कांठोस पर बड़ा प्रहार किया और कहा पैसा किसने खाया, रिपोर्ट किसकी बता रही है और प्रदर्शन भी कौन कर रहे हैं यह तो वही बात हुई सो चूहे खाकर बिल्ली चली..... उन्होंने कहा कि यह कानून पुरानी मनरेगा योजना का परिष्कृत रूप है, जो भ्रष्टाचार और लेटलतीफी जैसी कमियों को जड़ से समाप्त कर देगा। उन्होंने कहा अब ग्रामीणों को साल में 100 के स्थान पर 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इस योजना के तहत अब केवल कच्चे काम नहीं होंगे, बल्कि जल संसाधन और पक्की सड़कों जैसी स्थायी संपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे गांव आत्मनिर्भर बनेंगे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जनसेवा और क्षेत्रीय विकास ही उनकी प्राथमिकता है। वर्ष 2025 में वे कई बार खैरथल आए और नियमित रूप से क्षेत्र में कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से सीधे संवाद किया है।

उपन्यास का विमोचन

दौसा। बुक वर्ड प्रकाशन के तत्वावधान में प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में दौसा के वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र यादव 'आज़ाद' के नवीन उपन्यास 'पुनर्मिलन' का विमोचन किया गया। साहित्य प्रेमियों और पाठकों की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह ने मेले को एक गरिमामयी साहित्यिक क्षण प्रदान किया।

विमोचन अवसर पर ओमप्रकाश मीणा, नवल घुणावत, अशोक दीप, राजपाल महावर तथा बुक वर्ड के प्रकाशक एम. चंद्रा ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। वक्ताओं ने उपन्यास 'पुनर्मिलन' को संवेदना, संबंधों और सामाजिक यथार्थ को गहराई से उकेरने वाली महत्वपूर्ण कृति बताया। इस अवसर पर कहा गया कि राजेंद्र यादव 'आज़ाद' का लेखन अनुभव, सामाजिक चेतना और मानवीय सरोकारों से समृद्ध है। 'पुनर्मिलन' उपन्यास पाठकों को आत्ममंथन और भावनात्मक जुड़ाव की ओर ले जाने वाली रचना है, जो समकालीन समाज की जटिलताओं को सहज भाषा में प्रस्तुत करता है।

सार-समाचार

मंत्री डॉ. किरोडी मीणा को ज्ञापन सौंपा

बौंली -बामनवास । क्षेत्र के अठाईसा विकास समिति बरनाला के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा को ज्ञापन सौंप कर बरनाला तहसील में नई पंचायत समिति गठित कराने की मांग की है। मांग पत्र में अंकित किया गया है कि बरनाला तहसील को बने हुए 4 वर्ष हो चुके हैं लेकिन अब तक भी इसकी पंचायत समिति बामनवास से संचालित हो रही है, जबकि बामनवास में कुल 49 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से 24 ग्राम पंचायत बरनाला तहसील के अंतर्गत आती है, इतनी संख्या में ग्राम पंचायते होने के बावजूद भी बरनाला तहसील में पंचायत समिति का गठन नहीं होना विकास में बाधा बन रहा है एवं आमजनों को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए बामनवास के चक्कर लगाने पडते हैं जिससे समय व धन दोनों की हानि होती है वही बरनाला तहसील पंचायत समिति गठन के सभी मापदंड पूरा करती है।ज्ञापन देते समय अठाईसा विकास समिति के सदस्य सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व नागरिक शामिल थे। प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ली विकासात्मक कार्यों, बजट घोषणाओं एवं महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रगति की समीक्षा बैठक की।

'सत्यापन कराना जरुरी'

पावटा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पावटा के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गैंदालाल ने बताया की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन प्रतिवर्ष माह नवम्बर एवं माह दिसम्बर में करवाया जाना होता है। पावटा ब्लॉक में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कुल पेंशनर 22402 पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है। जिसमें 18104 पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जा चुका है और 4298 पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। शहरी क्षेत्र (नगरपालिका) में कुल पेंशनर 4448 पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है। जिसमें 3460 पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। और 988 पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। अतः पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनर्स निम्न माध्यम से सत्यापन करवा सकते है। जिनमें पेंशनर अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अगुंली की छाप के माध्यम से सत्यापन करवा सकते है। पेंशनर विभाग द्वारा जारी मोबाईल एप्प के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाईल पर फेस कैप्चर करके निःशुल्क सत्यापन करवा सकते है। पेंशनर अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी कार्यालय सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाईल नं0 पर ओटीपी प्राप्त कर सत्यापन करवा सकते है।उक्त मे से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी के रजिस्टर्ड मोबाईल नं0 पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करवाया जा सकता हैं पेंशन सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नही किया जायेंगा।

फोर लाइन के लिए रुपए पास होने पर मिठाई बांटी

मनोहरपुर । मनोहरपुर से दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग 148 के 4 लाइन निर्माण के लिए सांसद राव राज सिंह द्वारा केंद्र सरकार से 818 करोड रुपए पास करने पर कार्यकर्ताओं ने मनोहरपुर मंडल के सहसंयोजक जमील खान चौहान के नेतृत्व में मिठाईया बांटकर खुशियां मनाएं । इस अवसर पर मनोहरपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राम प्रकाश नाई ने कहा की सांसद राव राजेंद्र सिंह ने मनोहरपुर से दौसा हाईवे हाईवे के फोर लाइन निर्माण के लिए 818 करोड रुपए पास कराए है। जिससे निर्माण के बाद आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी। आने-जाने में समय भी बचेगा। बीजेपी एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट बीएस बेनीवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए यह सबसे बड़ी सौगात है। इस मौके पर शंकर लाल प्रजापत, शिवराम गुर्जर, सिद्धार्थ गुर्जर, हरि नारायण धोबी सहित कई लोग मौजूद थे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

मनोहरपूर । भारतीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक मंच ने डाँ काउन्ट सीजर मैटी का 217 वाँ जन्मदिन मनाया । इलेक्ट्रोहोम्योपैथी निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सत्कार शॉपिंग सेंटर, दुकान नम्वर 6, मालवीय नगर जयपुर में किया । इस कार्यक्रम मे 50 रोगीयो ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया तथा सभी को निःशुल्क दवा दी गई, इस शिविर में डाँ प्रीं:एन व्यास, डाँ शब्बीर खान, वैद्य हितेष दीक्षित, डाँ विजेन्दर तथा डाँ वैभव श्रीवास्तव आदि ने सेवायें दी । डाँ शब्बीर खान प्रदेश अध्यक्ष भारतीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक मंच ने बताया की ने पूरे राजस्थान में निःशुल्क 217 केम्प के आयोजन का लक्ष्य रखा है अतः हम उसे पूर्ण करने का प्रयास करेगे तथा जो ज्यादा से ज्यादा केम्प का आयोजन करेगा उसको सम्मानित करेंगे

'पतंग उड़ाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा'

मनोहरपूर । भामाशाह श्री मोहन कुडी जी ने कहा कि पतंग उडाने से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के लाभ होते हैं, जैसे तनाव कम होना, एकाठाता और हाथ-आँख का तालमेल बढ़ना, विटामिन - डी मिलना, हृदय स्वास्थ्य में सुधार और लचीलापन बढ़ना, क्योंकि इसमें दौड़ना, कूदना और गर्दन घुमाना जैसी क्रियाएं शामिल होती हैं, जो समठा फिटनेस में मदद करती हैं।

विधायक ने क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण का रखा प्रस्ताव'

डीग भरतपुर, (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के संकल्प को मूर्त रूप देने और आगामी राज्य बजट को जन-उन्मुखी बनाने के उद्देश्य से डीग जिले के प्रभारी मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

इसके पश्चात उन्होंने विभिन्न वर्गों के साथ बजट पूर्व संवाद कर उनके अमूल्य सुझाव आमंत्रित किए। कार्यक्रम में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कसवा की उपस्थिति ने आगामी बिंदुओं को।लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

संवाद कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि लोकतंत्र में बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का दर्पण होता है। हमारी सरकार का प्रयास है कि आगामी बजट सर्व-समावेशी और सर्व-स्पर्शी हो, जिसमें समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का हित सुरक्षित रहे। विभागीय समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री रावत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन डालने हेतु खोदी गई सड़कों की स्थिति पर गंभीर रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। श्री रावत ने निर्देशित किया कि सड़क मरम्मत कार्य का भौतिक सत्यापन संबंधित ग्राम पंचायत या ग्राम विकास अधिकारी से लिखित में लिया जाए । विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने रेखांकित की विकासात्मक प्राथमिकताएं बैठक में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने क्षेत्र की विकासात्मक आवश्यकताओं को अत्यंत गंभीरता और तर्कों के साथ पटल पर रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि चंबल परियोजना और जल जीवन मिशन के कार्यों में बेहतर तकनीकी समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि संसाधनों का अपव्यय न हो और कार्य की गति बाधित न हो। विधायक डॉ सिंह ने ग्रामीण अवसंरचना को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए रारह में नवीन पुलिस चौकी की स्थापना, क्षितग्रस्त सड़कों के नव-निर्माण और सुचारू पेयजल प्रबंधन की बात प्रमुखता से रखी।प्रभारी मंत्री रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन में संवादहीनता का कोई स्थान नहीं है।

फूड लाइसेंस शिविर में 38 व्यापारियों ने नामांकन किया

पावटा में आयोजित शिविर में खाद्य सुरक्षा का प्रमाण पत्र जारी किए गये।.

- **शिविर में किराना, मिठाई, होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, हलवाई-कैटरिंग, फास्ट फूड, खाद्य व्यापारियों के ऑनलाइन आवेदन कर मौके पर ही लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन जारी किए**

फुलेरा। खाद्य सुरक्षा विभाग जयपुर के निर्देशानुसार व्यापार महासंघ फुलेरा (रजिस्टर्ड) के सहयोग से सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक फूड लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन शिविर गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा भवन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जयपुर रमेशचंद यादव के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में किराना, मिठाई, होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, हलवाई-कैटरिंग, फास्ट फूड, फल-सब्जी विक्रेता, चाट-पकौड़ी एवं ठेला लगाने वाले खाद्य व्यापारियों के ऑनलाइन आवेदन कर मौके पर ही लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन जारी किए गए। व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष प्यारेलाल कुमावत ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 38 व्यापारीयों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसका लाईसेंस मौके पर बनाया गया। खाद्य सुरक्षा सहायक लल्लूप्रसाद शर्मा, व्यापार महासंघ के हरगोपाल साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सर्विस लाइन पर अवैध पार्किंग से जाम, आमजन बेहाल

पावटा। कस्बे की सर्विस लाइन पर वाहनों की अवैध पार्किंग लगातार जाम का कारण बनती जा रही है।

सड़क किनारे बेतरतीब खड़े चारपहिया और दुपहिया वाहन यातायात को संकरा कर रहे हैं, जिससे रोजाना राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और एंबुलेंस तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीक आवर्स में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब कुछ ही मिनटों का सफर घंटों में बदल जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध पार्किंग पर न तो नियमित कार्रवाई हो रही है और न ही स्थायी समाधान पर ध्यान दिया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस की ढिलाई के चलते सर्विस लाइन अघोषित पार्किंग स्थल बन चुकी है।

दुकानों और प्रतिष्ठानों के सामने वाहन खड़े रहने से जाम की समस्या रोज़मर्रा की बात बन गई है। आमजन और जनप्रतिनिधियों ने यह भी सुझाव दिया है कि यदि अंडरपास के स्थान

पावटा में जगह जगह अवैध पार्किंग से जाम के हालात बने रहते है।

पर खुला फ्लाईओवर बनाया जाए तो यातायात सुचारू रहेगा और सर्विस लाइन पर दबाव कम होगा। खुले फ्लाईओवर से दृश्यता बेहतर होगी, वाहनों की गति बनी रहेगी और जाम की समस्या पर स्थायी नियंत्रण संभव होगा। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाए, वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था हो और भविष्य की यातायात जरूरतों को देखते हुए अंडरपास के बजाय खुले फ्लाईओवर जैसे व्यावहारिक विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि आमजन को जाम से राहत मिल सके।

- **सड़क किनारे बेतरतीब खड़े चारपहिया और दुपहिया वाहन यातायात को संकरा कर रहे हैं**
- **स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध पार्किंग पर न तो नियमित कार्रवाई हो रही है और न ही स्थायी समाधान पर ध्यान दिया जा रहा है।**

'हाथ का हुनर वर्तमान युग की जरुरत'

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई के वोकेशनल शिक्षा के अंतर्गत आईटी एवं आईटीज व इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर ट्रेड का दल तृतीय औद्योगिक विजिट के लिए जयपुर में सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सीतापुरा जयपुर के लिए रवाना हुआ। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर द्वारा हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया गया।

उन्होंने व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग हाथ के हुनर का युग है जिसमें हुनर की कदर है। उन्होंने कहा कि अगर हुनर है तो व्यक्ति बेरोजगार नहीं रहता है। इसलिए आवश्यकता है सरकारी नौकरी के पीछे ना भागते हुए हाथ के हुनर को महत्व प्रदान करें।

उन्होंने बतायाकि सभी विद्यार्थी केंद्र पर मशीनों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करेंगे। ऑटोमेटिक मशीनों की संचालन प्रक्रिया, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, आईटी से संबंधित सेल व वोकेशनल की विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्रदान करेंगे।

खेल मैदान सड़क निर्माण कार्य की भेंट चढ़ा

दौसा । ग्राम पंचायत काली पहाड़ी के राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय काली पहाडी के क्रिकेट ग्राउंड मलबे व पत्थर रोडी की भेंट चढ़ चुका है। इस मैदान में विद्यालय के छात्र और गांव के युवा प्रतिदिन खेल अभ्यास करते थे, मेहनत करते थे और आगे बढ़ने के सपने देखते थे। आज वही खेल मैदान एमडी आर सड़क निर्माण कार्य के दौरान निकली रोड़ी, पत्थर और मलबे में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि रोड निर्माण के समय निकला सारा मलबा सीधे विद्यालय के क्रिकेट ग्राउंड में डाल दिया गया, जिससे मैदान पूरी तरह बर्बाद हो गया है और अब खेलने योग्य बिल्कुल नहीं बचा है। इसका सीधा असर विद्यालय के बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चे खेल गतिविधियों से वंचित हो गए हैं और उन्हें भारी परेशानीओ का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, मैदान में फैले पत्थरों के कारण चोट लगने का गंभीर खतरा भी बना हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि सड़क मार्ग का निर्माण कार्य हुए करीब 6 महिने हों चुके हैं बीत जाने के बावजूद अब तक इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव की सरपंच कंचन देवी मीणा ने विद्यालय के इस महत्वपूर्ण खेल मैदान की अब तक सुध तक नहीं ली गई। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या गांव और विद्यालय के बच्चों के लिए खेल का मैदान कोई मायने नहीं रखता? क्या विकास सिर्फ सड़क निर्माण तक सीमित है और खेल, स्वास्थ्य व बच्चों के भविष्य की कोई अहमियत नहीं? यह मैदान कोई खाली ज़मीन नहीं है, बल्कि विद्यालय के बच्चों का अधिकार है, युवाओं की सेहत है और आने वाली पीढ़ी का भविष्य है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में बच्चे पत्थरों और रोडी के बीच खेलने को मजबूर होंगे। अब समय आ गया है कि इस क्रिकेट ग्राउंड की स्थिति तुरंत सुधारी जाए, मैदान से रोड़ी-पत्थर हटाए जाएं और इसे पुनः खेलने योग्य बनाया जाए। पंचायत समिति सदस्य जन प्रतिनिधि बाबुलाल सिंघल ने बताया कि गांव के सभी नागरिकों और संबंधित अधिकारियों से अपील है कि इस गंभीर मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि कालीपहाड़ी का क्रिकेट ग्राउंड फिर से जीवित हो सके।

सेगमेंट में पहली बार ऐसे फ़ीचर्स#

- हाई इंटेंसिटी पोज़िशन लैम्प के साथ LED हेडलाइट
- हैज़र्ड लाइट विंकर
- SMS और कॉल अलर्ट के साथ ब्लूटूथ
- इको इंडिकेटर के साथ फुली डिज़िटल मीटर

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Rajasthan.

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सरफि ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेढ़: किरण मोटर्स, 9314039090, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232.

RS/Hero/06/25